संक्षिप्त

रामविलास निर्विरोध अध्यक्ष बने

लालसोट, (निसं)। किसान ग्राम सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष पद पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य रामविलास खेमावास को निर्विरोध निर्वाचित किया गया। लालसोट ग्राम सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित रामविलास शर्मा खेमावास पहले पूर्व सरपंच रह चुके हैं एवं विगत चार दशकों से कांग्रेस की राजनीति में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

गायों के लिए दवाई भेंट की

टोंक, (निसं)। सिर्फ व्हाट्सप पर गत 9 वर्षों से संचालित सेवाभावी मित्रों के ग्रुप 'मोदी फेन्स क्लब' द्वारा शुक्रवार को गांधी गौशाला में 4 इंजेक्शन सेट की 1 हजार 100 डोज गौमाता के लिए भेंट की। उल्लेखनीय है कि लम्पी रोग के प्रकोप को देखते हुए गौमाता के जीवन मरण का प्रश्न बन चुका है। ऐसी विषम परिस्थिति को देखते हुए 77 मित्रों के व्हाट्सप ग्रुप मोदी फेन्स क्लब टोंक ने 5 हजार 100 गौ माताओं के टीका लगवाने का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसके तहत 1 हजार 100 गौ माताओं की पहली डोज गो शाला के संरक्षक अभय मल बम्ब एवं गो सेवक राम किशन कहालिया को सुपुर्द की गई। यह इंजेक्शन गांधी गो शाला समिति के निर्देशन में लगाये जायेंगे।

आज 4 घंटे बिजली बंद रहेगी

श्रीमाधोपुर, (निसं)। अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड श्रीमाधोपुर के सहायक अभियंता भावेश कुमार गुप्ता ने बताया की शनिवार को सुबह 7 से 11 बजे तक 132 केवी जीएसएस जालपाली श्रीमाधोपुर व 132 केवी जीएसएस थोई तथा इनके अधीन आने वाले जीएसएस तीजावाला जोहड़ा, श्रीमाधोपुर, डेरारामसागर, हॉसपुर, बस्सी, जोरावरनगर, कंचनपुर, तिवाड़ी की ढाणी, निमड़ावाली, खेड़ी, मऊ, बागरियावास, नांगल, पृथ्वीपुरा, होल्याकाबास व इनके आस पास के गांव व ढाणीयो की विधुत आपूर्ति मेंटेनेंस कार्य हेतु बंद रहेगी।

भजन संध्या आज

फुलेरा, (निसं)। फुलेरा नगर पालिका के तत्वावधान में स्कूल खेल मैदान में लम्पी रोग का उपचार करने के लिए बनाए गए क्वॉरेंटाइन सेंटर पर गौवंश के स्वास्थ्य लाभ के लिए महिला मण्डल के द्वारा शनिवार को सायं 5 से 7 बजे तक हरिकीर्तन एवं भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। साथ ही मण्डल की ओर से गौ माता के स्वास्थ्य लाभ के लिए भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएगी। उपरोक्त जानकारी गौ सेवक अमर चन्द सैनी के द्वारा दी गई।

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

नाम परिवर्तन

मैने अपना नाम अनिता कुमारी जांगिड़ से बदलकर वैभवी प्रकाश रख लिया है।भविष्य में मुझे मेरे नये नाम से ही जाना पहचाना जावे।

I, Harmon Singh Rohil S/o Mahendra Singh Rohil, R/o HE-720 Vishwamitra Marg, Hanuman Nagar Extension, Jaipur. Harmon Rohil and Harmon Singh Rohil is the same person. I shall be known as Harmon Singh Rohil in all official documents. Both have been recognized by Notary Public Affidavit dated 06.09.2022.

कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त-तृतीय **राजस्थान आवासन मण्डल**
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर, दूरभाष संख्या :- 0141-4901853

आम जाहिर सूचना

राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या- **13/1045** मालवीय नगर, जयपुर क्षेत्रफल **107.310** वर्ग मीटर का नियमितिकरण एवं अदेय प्रमाण पत्र कमांक 4169 दिनांक 06.02.1999 श्री अनूप चन्द मंगल के पक्ष में जारी किया गया था। उनके द्वारा उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर प्रथम में दिनांक 10.02.1993 जारी किया गया। श्री अनूप चन्द मंगल की मृत्यु दिनांक 17.12.2020 को हो जाने के कारण श्री अनुराग मंगल पुत्र स्व. श्री अनूप चन्द मंगल के द्वारा आवेदन पत्र के साथ क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर, उक्त आवास/फ्लैट् का प्रतिस्थापन अपने नाम करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास/फ्लैट के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/ बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता- **श्री अनुराग मंगल पुत्र स्व. श्री अनूपचन्द मंगल** के पक्ष में उक्त आवास/फ्लैट् के प्रतिस्थापन की कार्यवाही कर दी जावेगी। सम्पदा प्रबंधक- वृत्त तृतीय, रा.आ.मण्डल, जयपुर

बुजुर्ग महिला फरियादी को सुनाई नहीं दिया तो कलेक्टर ने मौके पर लगवाई मशीन

अलवर, (निसं)। त्रि-स्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के तहत जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में आज जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित हुई।

जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनसुनवाई में आए सारे प्रकरणों का परीक्षण कर संबंधित अधिकारी यथाशीघ्र गुणात्मक निस्तारण करें। प्रकरणों को बिना वजह लंबित रखना पाया जाएगा तो संबंधित

■ त्रि-स्तरीय जनसुनवाई में 236 व्यक्तियों ने परिवेदनाएं प्रस्तुत की

अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जनसुनवाई के दौरान फरियादी को ससम्मान कुर्सी पर बैठाकर जिला कलक्टर ने उनकी परिवेदनाओं को सुना। जिला कलेक्टर के समक्ष जिलेभर से आए 236 फरियादियों ने अपनी परिवेदना प्रस्तुत की। जिनमें मुख्य रूप से राजस्व, नगर परिषद, यूआईटी, पंचायती राज, जलदाय विभाग, पुलिस, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, चिकित्सा, रसद, श्रम विभाग आदि की परिवेदनाएं थी।

जिले के विभिन्न स्थानों से आने वाले फरियादियों की परिवेदना को संबंधित अधिकारी से सीधी बात कर परिवेदना की स्थिति जानने के लिए ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जोडा गया। जनसुनवाई स्थल पर फरियादियों की सुविधा के लिए जिला प्रशासन की ओर से हैल्प डेस्क लगाई गई जिस पर फरियादियों को हाथों-हाथ रसीद दी गई। इसी प्रकार दिव्यांगजनों के लिए सक्षम हैल्प डेस्क लगाई गई तथा छाया, पेयजल एवं बैठने की माकूल व्यवस्था की गई। साथ ही फरियादियों को निःशुल्क मास्क उपलब्ध कराए गए तथा सैनेटाइजर की व्यवस्था की गई। इस मौके पर शाहजहांपुर निवासी 97 वर्षीय फरियादी मायादेवी ने पेंशन से संबंधित फरियाद जिला कलेक्टर दी।

जिला कलेक्टर ने मायादेवी से इस संदर्भ में बातचीत की तब फरियादी को सुनाई नहीं दिया, तो जिला कलेक्टर ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक को निर्देश दिये और कुछ समय में ही फरियादी मायादेवी को तत्काल कानों की मशीन उपलब्ध करा दी गई। इसके उपरान्त जिला कलेक्टर ने उनसे पूछा कि माताजी अब आवाज आ रही है तो फरियादी मायादेवी ने कहा कि हां अब आवाज आ रही है। फरियादी मायादेवी तत्काल कानों की मशीन मिलने पर अभिभूत नजर आई। फरियादी की पेंशन का प्रकरण की भी मौके पर जांच कराई जिससे फरियादी संतुष्ट नजर आई।

जनसुनवाई में शहर विधायक संजय शर्मा, नगर परिषद के सभापति धनश्याम गुर्जर तथा जिला परिषद की सीईओ डॉ. अर्तिका शुक्ला, यूआईटी की सचिव डॉ. मंजू, एडीएम प्रथम अखिलेश कुमार पिपल, एडीएम द्वितीय वन्दना खोरवाल, एडीएम शहर ओ.पी सहारण, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सुरेश कुमार खिंची सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

अलवर में जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी (दाएं) की अध्यक्षता में जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित हुई।

हत्या का तीसरा आरोपी भी गिरफ्तार

कोटपूतली, (निसं)। स्थानीय थाना पुलिस ने विगत 11 सितम्बर को ग्राम नांगड़ीवास निवासी एक 27 वर्षीय युवक की मोबाईल को लेकर हुई हत्या की वारदात का खुलासा करते हुए मामले में जहां पूर्व में दो जनों को गिरफ्तार कर लिया था। वहीं उक्त घटनाक्रम में पुलिस ने तीसरे आरोपी को भी गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है।

आपको बता दें कि आरोपियों ने युवक की पीट-पीट कर हत्या कर दी थी। जिसके बाद मृतक को निकटवर्ती बानसूर कस्बे के सरकारी अस्पताल में ले जाकर पटक दिया था। अस्पताल प्रशासन के बानसूर थाना पुलिस को सूचना दिये जाने पर पूरा मामला सामने आया था। इस सम्बंध में एसएचओ सवाई सिंह ने बताया कि घटनाक्रम के बाद बानसूर अस्पताल में ही मृतक के बडे भाई महेन्द्र पुत्र मातादीन गुर्जर

■ नांगड़ीवास में मोबाइल को लेकर हुई हत्या का मामला

निवासी कसानों की ढाणी, नांगड़ीवास ने रिपोर्ट पेश कर मामला दर्ज करवाया था। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए विशेष टीम का गठन कर जांच शुरू की विगत 13 सितम्बर को घटनाक्रम के दो मुल्जिम क्रमशः कसानों की ढाणी, नांगड़ीवास निवासी विक्रम पुत्र सुरेश चंद गुर्जर व राहुल पुत्र धोलाराम गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया था। जबकि घटना का तीसरा अभियुक्त कृष्ण गुर्जर जो घटनाक्रम वाले दिन ही बानसूर अस्पताल से फरार चल रहा था। पुलिस ने उक्त आरोपी कृष्ण पुत्र विसराम उर्फ बसावन गुर्जर निवासी कसानों की ढाणी तन नांगडीवास को शुक्रवार को गिरफ्तार किया है।

श्रीमाधोपुर में एस.बी.एन. महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ एस.के सामोता एवं सचिव इंजिनियर प्रदीप धायल के नेतृत्व में विश्व ओजोन दिवस मनाया गया। इसी तरह महात्मा गांधी पीजी महाविद्यालय में सुशीला देवी एनएसएस प्रभारी यूनिट प्रथम व गोविंद कुमावत एनएसएस प्रभारी यूनिट द्वितीय के नेतृत्व में सभी संकाय के विद्यार्थियों ने प्रातः काल मानव श्रृंखला बनाकर पर्यावरण संरक्षण व ओजोन परत को बचाने का संदेश दिया।

अतिक्रमण के कारण नहीं हो रही नाले की सफाई

किशनगढ़ बास, (निसं)। सीएम अशोक गहलोत की बजट घोषणा में मंजूर किए गए किशनगढ़ बास में राजकीय कन्या महाविद्यालय के भूमि आवंटन और शहरी सड़क योजना के तहत बाजार की अधर झूल में अटकी सड़क को लेकर पीडब्ल्यूडी अभियंता और नगर पालिका ईओ में ठनी है।

दो विभागों के बीच सरकार के विकास को लेकर चल रहे पत्राचार में बात यहां तक पहुंच चुकी है कि सहायक अभियंता की ओर से लिखे गए पत्र पर पालिका अधिकारी ने यह टिप्पणी करते हुए वापस लौटा दिया की पीडब्ल्यूडी अधिशासी अभियंता का कार्यालय किशनगढ़ बास में है इसलिए अधिशासी अभियंता कार्यालय से पत्राचार करें।

पीडब्ल्यूडी सहायक अभियंता हितेश गुप्ता ने नगर पालिका अधिकारी को 6 सितंबर को पत्र भेजकर कहा मुख्यमंत्री योजना के तहत मुख्य बाजार में सडक का निर्माण कराया गया है। बाजार में

■ बजट घोषणा में आवंटित सड़क अधर झूल में लटकी

सड़क के नीचे दबे 50 साल पुराने नाले के अवरुद्ध होने के कारण शहर के गंदे पानी निकासी अवरुद्ध हो रही है जिसको लेकर सड़क का कार्य बीच में अटका हुआ है। पूर्व में अवगत कराया जा चुका है कि सड़क निर्माण के साथ नाली निर्माण सम्मिलित नहीं है। इसके बाद भी नगर पालिका की ओर से सड़क के नीचे दबे नाले को नहीं खुलवाया जा रहा है।

पालिका अधिकारी ने समस्या का समाधान करने की बजाय पीडब्ल्यूडी अभियंता की ओर से भेजे गए मूल पत्र को ही वापस भेज दिया और मूल पत्र पर लिखा की किशनगढ़ बास में अधिशासी अभियंता कार्यालय स्थापित हो चुका है इसलिए पत्राचार अधिशासी अभियंता कार्यालय से करें। इसके जवाब में पीडब्ल्यूडी अभियंता ने 12 सितंबर को नगर पालिका अधिकारी को पत्र लिखकर कहा है अधीक्षण अभियंता खंड स्तरीय है और आप ब्लॉक स्तरीय अधिकारी हैं। कार्य में विलंब होता है तो उसके लिए आप पूर्णता जिम्मेदार रहेंगे तथा विभाग की ओर से कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों को लिखा जाएगा।

वहीं अभिभाषक संघ अध्यक्ष एवं पूर्व सरपंच अजय चौधरी की ओर से शहर में अतिक्रमण के चलते गंदे पानी की निकासी अवरुद्ध होने की समस्या को लेकर राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायत मामले में निकाय उप निर्देशक रेणु खंडेलवाल ने 9 सितंबर को ईओ नगर पालिका किशनगढ़ बास को पत्र भेजकर शिकायत का निस्तारण करते हुए की गई कार्रवाई से संबंधित दस्तावेज संपर्क पोर्टल पर अपलोड करने के लिए निर्देशित करते हुए शिकायत का निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं।

डोटासरा के बयानों के निकल रहे कई सियासी मायने

लालसोट, (निसं)। राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल कूद प्रतियोगिता के अवलोकन कार्यक्रम के बाद लालसोट में अशोक शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के मैदान में आयोजित हुई आमसभा के दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की मौजूदगी में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा द्वारा चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा के लिए मुख्यमंत्री पद के बाद दूसरे नंबर का सबसे बड़ा कद का संबोधन मौजूदा समय में सियासी गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

पीसीसी चीफ डोटासरा के मुख्यमंत्री की मौजूदगी में चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा के पद को लेकर यह संबोधन एवं दिया गया वक्तव्य एवं बयानों से कई सियासी मायने निकल रहे हैं जो चर्चा का विषय बने हुए हैं। मौजूदा समय में सीएम गहलोत के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद मुख्यमंत्री के चेहरे की तलाश आम लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं पीसीसी चीफ डोटासरा के मुख्यमंत्री गहलोत की मौजूदगी में परसादी लाल मीणा के लिए दिया गया यह बयान कई मायनों से जोड़कर देखा जा रहा है। चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा के लिए दिए गए इस बयान के मायने मुख्यमंत्री के संभावित चेहरे के रूप में भी निकाले जा रहे हैं।

वही पीसीसी चीफ डोटासरा के इस बयानों के बाद अगर अशोक गहलोत मुख्यमंत्री पद छोड़ते हैं तो किसी जाट एवं ब्राह्मण चेहरे को मुख्यमंत्री पद पर ताजपोशी हो सकती है यह भी चर्चा का विषय बना रहा। वहीं चर्चा का विषय रहा कि लंबे समय से मुख्यमंत्री पद के दावेदार सचिन पायलट को मुख्यमंत्री पद से दूर रखने के लिए भी गहलोत गुट प्रयासरत है। बहरहाल राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के बाद ही तस्वीर साफ हो पाएगी कि अशोक गहलोत का मुख्यमंत्री पद छूटता है अगर छूटता है तो राजस्थान प्रदेश में मुख्यमंत्री पद के लिए चेहरे कौन से होंगे आने वाले समय में ही स्पष्ट हो पाएगा।

सहकारी संघ के पुष्पा मीणा अध्यक्ष व धीरसिंह उपाध्यक्ष बने

पावटा, (निसं)। सहकारी समिति पावटा के शुक्रवार को सहकारी संघ के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का चुनाव जोरदार टक्कर के बीच संपन्न हुआ। इस दौरान चुने सदस्यों ने अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के उमीदवारों के लिए मतदान किये और सर्वसमति से उनका चयन किया। चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा।

पावटा सहकारी समिति निर्वाचन अधिकारी मुकेश स्वामी, सहायक व्यवस्थापक मुकेश सैनी की देखरेख में चुनाव हुआ। उन्होंने बताया कि सहकारी समिति पावटा से पुष्पा मीणा, मामराज, नरपत सिंह, राजेंद्र, बृजमोहन ने अध्यक्ष पद के लिए व उपाध्यक्ष पद के लिए धीरसिंह, सोणाराम, विवेक गोयल ने अपना नामांकन दाखिल किया। वहीं जीते हुए कुल 12 सदस्यों ने मिलकर मतदान करते हुए जहां अध्यक्ष पद के लिए पुष्पा मीणा व नरपत सिंह के बीच टक्कर रही। जहाँ दोनों को 6-6 मत प्राप्त हुए। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए सोणाराम व धीरसिंह में टक्कर रही। अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव टाई हो गया। जिस पर पर्ची डाली गई। जिसको एक 4 साल की बच्ची दिव्यांशी शर्मा ने पर्ची निकालकर अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के भाग्य का फैसला करते हुए पुष्पा मीणा पत्नी कन्हैयालाल मीणा को अध्यक्ष व धीरसिंह को उपाध्यक्ष घोषित किया।

जीत के बाद पावटा सहकारी संघ के अध्यक्ष पुष्पा मीणा (बीच में) व उपाध्यक्ष धीरसिंह बाएं।

■ 4 साल की बच्ची ने पर्ची निकालकर किया फैसला

■ प्रायगपुरा सहकारी संघ के अध्यक्ष उपेंद्र सिंह व उपाध्यक्ष नरसी यादव बने

वहीं प्रागपुरा सहकारी समिति में अध्यक्ष पद के लिए उपेंद्र सिंह व दौलतराम सैनी के बीच टक्कर रही। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए नरसी यादव व श्याम सुंदर चावला के बीच टक्कर रही। जहां अध्यक्ष उपेंद्र सिंह व उपाध्यक्ष नरसी यादव को घोषित किया गया। चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। परिणाम घोषित होने के बाद समर्थकों में जीत की काफी खुशी रही वही उन्होंने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मुह मीठा करवाया।

अधेड़ का शव पेड़ में लटका मिला

नारायणपुर, (निसं)। शुक्रवार को एक 45 साल के व्यक्ति का शव पहाड़ियों में छीला के पेड पर प्लास्टिक की रस्सी से लटके हुए मिलने से आसपास के क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई। मृतक व्यक्ति की पहचान लट्टा राम गुर्जर पुत्र रामकुंवार जाति गुर्जर निवासी बीसा का बास तहसील थानागाजी के रूप में हुई है। वहीं परिजनों को मृतक के प्राइवेट पार्ट में खून निकलना मिला है। जिससे उन्होंने हत्या की आशंका जताई है। जानकारी के अनुसार लट्टा राम पिछले 20 वर्षो से मौजनाथ गौशाला निमडिया में गायों की सेवा में कार्य कर रहा था। सुबह जब उनका बेटा सचिन गौशाला की तरफ दौड करने गया तो गौशाला कर्मचारी के द्वारा उनके पिता लट्टा राम का शव पेड पर लटके होने की जानकारी दी। ग्रामीणों की सूचना के बाद थानागाजी सीओ आदित्य पुनिया ने घटना स्थल का मौका मुआयना किया। व्यक्ति की मौत की संदिग्ध स्थिति को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने अलवर से मोबाइल फोरेनसिस यूनिट और डॉग स्क्वायड टीम को बुलाकर घटना स्थल से साक्ष्य जुटाए। मृतक के बड़े बेटे ने हत्या का मुकदमा दर्जा कराया है।

सार-समाचार

'गायों की रक्षा करना सभी का धर्म'

विराट नगर, (निसं)। प्रदेश के गौवंश में लंपी वायरस के बढ़ रहे प्रकोप को रोकने के लिए आमजन के साथ ही विभिन्न समाजसेवी संगठन भी आगे आए हैं कोई उनकी इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए औषधियों से बने लड्डू खिला रहा है तो कोई दवा का वितरण कर रहा है। इसी बीच विराटनगर में भाजपा नेत्री रत्नाकुमारी ने विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में 'एक कदम गौ माता की सुरक्षा की ओर' अभियान की शुरुआत की। रत्ना कुमारी ने बताया कि इस अभियान के तहत पूरे क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायत में लंपी से संक्रमित गायों के लिए औषधियों से बने लड्डू खिलाए जाएंगे। साथ ही नीम के पानी व फिटकरी के पानी से संक्रमित गायों को नहलाया जाएगा।

युवती ने फांसी लगाई

टोंक, (निसं)। कालीपलटन क्षेत्र में एक युवती ने घर पर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार सुवालिया पुत्री शकील उम्र 18 साल ने अपने ही घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही शहर कोतवाल जितेन्द्रसिंह चारण मय दल के मौके पर पहुंचे और शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सुपूर्द कर दिया।

गायों को खिलाये आयुर्वेदिक लड्डू

फागी, (निसं)। उपखंड मुख्यालय पर संचालित गो सेवा दल फागी व गौ नन्दी सेवा सुन्दर काण्ड मंडल के कार्यकर्ताओ ने गौ माताओं की सेवा करने का बीडा उठाया है।

इसी के दौरान कस्बे में शुक्रवार को लम्पी वायरस से ग्रस्त गायों के उपचार के लिए आयुर्वेदिक लड्डू बनाकर बीमार गौ वंश को खिला कर लंबी संक्रमण बीमारी से बचाने का प्रयास कर रहे हैं। गौ भक्तों एवं मंडल के कार्यकर्ता मुकेश कुमार जैन ने बताया कि रविवार को भी गौ सेवा के लिए आयुर्वेदिक लड्डू बनाए जाएंगे।

इस मौके पर गौ सेवा में लक्की शेखावत, विनोद चिन्दोला, नवरत्न गूजर मानहाला, पप्पू धोबी, योगेश सैन, सत्तार भाई समेत अनेक लोग उपस्थिति थे।

उल्लेखनीय है कि फागी कस्बे सहित समूचे उपखंड क्षेत्र में लम्पी रोग ने गोवंश को पूरी तरह से जकड लिया है। हजारों की संख्या में गोवंश लम्पी बीमारी से काल का ग्रास बन गए हैं।

न्यायालय अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश क्रमांक-2 हिण्डौन सिटी
बत्रैसिंह बनाम देवीलाल
मु.नं. 68/10 तारीख पेशी 22.09.2022

अपील

यह है कि देवीलाल पुत्र धन्नालाल जाति महाजन निवासी मोहन नगर हिण्डौन सिटी के विरूद्ध उक्त उनवानी अपील पेश कर रखी है जिसमें दौराने अपील देवीलाल (रेस्पौ नं. 1) का स्वर्गवास 14.12.2020 को हो गया है देवीलाल के वारिसान गीता पुत्री देवीलाल माया पुत्री देवीलाल, सरोज पुत्री देवीलाल, गुड्डी पुत्री देवीलाल उक्त चारो पुत्रीयां निवासी मोहन नगर हिण्डौन सिटी हाल निवासी जयपुर में निवास करती है जो मृतक देवीलाल के कायम मुकाम जायज हो इसलिए देवीलाल के स्थान पर पक्षकार बनाया जावे। लिहाजा वजरिये छात्रा वरगल जबाब देही दिनांक 22.09.2022 को सुबह 10.30 AM अदालत हाजा में हाजिर होने के लिए तलब किया जाता है और तारीख मुकर्रर कर आपके हाजीर न होने पर मुकदमा मै आपकी गैर हाजिरी में सुनकर फैसला किया जाएगा। वरवक्त मेरे दस्तखत व मोहर अदालत के आज तारीख 16.09.2022 को जारी किया गया।

दिनांक 15.09.2022

(मोहर) आज्ञा से, सीनीयर रीडर
सैशन रीडर अपर जिला जज नं.-2
हिण्डौन सिटी जिला करौली राज.

आम सूचना

सभी आम व खास को सूचित किया जाता है कि अचल संपत्ति आवासीय फ्लैट नंबर 603, ब्लॉक ए, मेवाड अपार्टमेंट, हल्दी घाटी मार्ग, प्रताप नगर, जयपुर। उक्त फ्लैट के मूल अलोटमेंट लेटर नंबर 3097 दिनांक 30.06.2011 गुम हो गया है, जिसकी मेरे द्वारा FIR 15.09.22 को दर्ज करवा दी गई है जिसका FIR NO 1575678/2022 है अतः मूल दस्तावेज प्राप्त होते ही मुझे सूचित करे। अतः दस्तावेज का कोई दुरुपयोग करता है तो वह उसका स्वयं जिम्मेदार होगा। **विभूती रस्तोगी मो. 9529380408**

न्यायालय उप तहसीलदार,
बगरू जिला- जयपुर (राज.)
Email-srofficebagru@gmail.com

क्रमांक/भू.अ. /135 (2)/2022/ 1979
दिनांक 15.0922

विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम कलवाड़ा तहसील सांगानेर जिला जयपुर के खाता संख्या 296 के खसरा नं.1158, खसरा नं. 1159, खसरा नं. 1160, खसरा नं.1162, खसरा नं. 1163/1, खसरा नं. 1165, खसरा नं. 1166, खसरा नं. 1167 किता 08 कुल रकबा 3.29 है 0 में हिस्सा 1/16 एवं खाता संख्या 373 के खसरा नं. 1070, खसरा नं. 1077, खसरा नं. 1078/2807 किता 3 रकबा 0.85 है। में हिस्सा 1/32 में मृतक खातेदार खाजूखाँ पुत्र लादूखाँ जाति पिनारा की विरासत का नामांतरण भू-राजस्व एक्ट की धारा 135 (2) में विचाराधीन है। यदि किसी व्यक्तिया संबंधित को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन होने की तिथि से 07 दिवस के अंदर इस कार्यालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करे। अन्यथा प्रकरण का निस्तारण नियमानुसार कर दिया जायेगा।

उप तहसीलदार बगरू जिला जयपुर

राजस्थान आवासन मण्डल वृत-तृतीय
जे.एल.एन.मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर दूरभाष 0141-4901853

आम जाहिर सूचना

राजस्थान आवासन मण्डल जयपुर द्वारा आवास संख्या-1/898 मालवीय नगर जयपुर क्षेत्रफल 44.00 वर्गमीटर का आवंटन श्री मिर्चूमल पुत्र श्री रूपचन्द को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र कमांक 14954 दि. 22.10.1982 जारी किया गया था। उनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 09.01.1983 को प्राप्त कर लिया गया। श्री मिर्चूमल की मृत्यु दिनांक 25.05.2002 को हो जाने के पश्चात उनके पुत्र श्री चन्द कुमार रूपानी पुत्र स्व. श्री मिरचूमल रूपानी के द्वारा आवेदन पत्र के साथ क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास का हस्तान्तरण अपने नाम से करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तांतरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्री चन्द कुमार रूपानी पुत्र स्व.श्री मिरचूमल रूपानी के पक्ष में उक्त आवास के हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत तृतीय, रा. आ. मण्डल, जयपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत जगन्नाथपुरा

क्रमांक-154 पंचायत समिति सांगानेर, जयपुर (राज.) दिनांक-15.9.2022

ग्राम पंचायत जगन्नाथपुरा में प्राप्त पट्टा आवेदनो के आधार पर सभी ग्रामीणजन से आपत्ति प्राप्त कि जा रही है। निचे उल्लेखित आवेदकों द्वारा ग्राम पंचायत में आवेदन पेश कर पट्टा जारी करने हेतु आवेदन पत्रावली पेश करी है। उक्त आवेदकों द्वारा दोहरा पट्टा एवं किसी भी अन्य पडोसीयान के हक अतिक्रमित किया है, तो वह पक्षकार ग्राम पंचायत में विज्ञप्ति जारी होने कि 7 दिवस में अपनी आपत्ति मय दस्तावेजों के साथ ग्राम पंचायत में स्वयं उपस्थित होकर पेश करें। किसी भी आवेदक द्वारा न्यायालय प्रकरण एवं कोई भी तथ्य ग्राम पंचायत के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया हो तो वह व्यक्ति स्वयं इसके लिए उत्तरदायी होगा तथा ग्राम पंचायत सम्मस्त तथ्यों के प्रकटन के लिए आवेदक के विरुद्ध निमानुसार कार्यवाही करने हेतु बाध्य होगी।

क्र.सं.	आवेदक का नाम	पिता/पति का नाम	निवासी	क्षेत्रफल (वर्गगज में)
1.	कमला देवी	हनुमान सहाय	जगन्नाथपुरा	157.47
2.	हनुमान सहाय	कल्याण	जगन्नाथपुरा	158.17
3.	तेजपाल	लाडूराम	केश्यावाला	97.0
4.	कल्याणी देवी गोपाली देवी	नारायण लाल प्रभाती लाल	जगन्नाथपुरा	152.4

श्रीमती लाली जाट सरपंच, मो.8209631746 — **ग्राम विकास अधिकारी पंचायत समिति सांगानेर, जयपुर**

कार्यालय नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.

क्रमांक-नपाश्रीमा./2022-23/3722-23 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-13.09.2022

कमली, बीवी पत्नी स्व.श्री मोहम्मद जहुर निवासी वार्ड नं.03 गीता भवन की गली श्रीमाधोपुर तहसील श्रीमाधोपुर जिला सीकर राजस्थान ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार आवासीय प्रयोजनार्थ के लिये ऐसी भूमि के उपयोग के लिये पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिये नगर पालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

जिले सहित नगर का नाम	वार्ड/कॉलोनी/ गली का नाम	पड़ौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं.	उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौडाई सहित क्षेत्र (मीटर में)
नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर)	वर्तमान वार्ड नं.03 गीता भवन की गली श्रीमाधोपुर	चर्तु सीमाऐं निम्न प्रकार से है- पूर्व दिशा में आम रास्ता, पश्चिम दिशा में दशरथ तिवाडी का मकान उत्तर दिशा में नाथु तिवाडी का मकान व दक्षिण दिशा में ओम प्रकाश ठठेरा का मकान अवस्थित है।	मकान आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी नाप पूरब से पश्चिम उत्तरी भुजा 77 फुट 2 इंच, दक्षिणी भुजा 83 फुट 6 इंच, उत्तर से दक्षिण पूर्वी भुजा 33 फुट 7 इंच, पश्चिमी भुजा 27 फुट कुल क्षेत्रफल 290 वर्गगज या 242.47 वर्गमीटर है।

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधिन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि मे के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध मे कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 13.09.2022 को जारी की गयी।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत बल्लुवास पंचायत समिति मुण्डावर (अलवर) राज.

क्रमांक-SPL1 **अल्पकालीन निविदा सूचना सं. 2022-23** दिनांक-12/9/22

राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियम 181 के तहत एवं राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्यों हेतु पंचायती राज विभाग/जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग/सार्वजनिक निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/नगर निगम एवं राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं केन्द्रीय/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार कमेटी को होगा। यदि कारणवश उसी दिन अवकाश रहता है तो अगले दिन उसी समय व उसी स्थान पर निविदायें खोली जायेगी। अमानत राशि ड्राफ्ट/नगद स्वीकार होगी। उक्त निविदा sppp पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	निविदा प्रपत्र विक्रय दिनांक	निविदा प्रपत्र जमा कराने की दिनांक	निविदा खोलने की दिनांक	अनु.राशि (लाखो में)	अमानत राशि 2 प्रतिशत	निविदा फार्म राशि
1	सीसी सडक निर्माण कार्य भानोत मोड से मुनपुर की ओर SFC VI (ZP)	20/9/22 11 AM तक	20/9/22 01 PM तक	20/9/22 03 PM तक	10.0 लाख	20000	200

उक्त कार्यों के दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाईबिलिटी पीरियड) का उत्तरदायित्व कार्य पूर्णता के पश्चात नियमानुसार रहेगा, अन्य विवरण निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

सरपंच ग्राम पंचायत बल्लुवास पं. समिति मुण्डावर (अलवर) राज. — NIB N. ZAL2223A0689 UBN N. ZAL2223GSLB00957 — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत बल्लुवास पं. समिति मुण्डावर (अलवर) राज.